क्रमांक/2348/2023.—यत: छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20 सन् 1959) की धारा 90 सहपठित धारा 73 के अंतर्गत राजस्व ग्राम का गठन करने संबंधी बंदोबस्त अधिकारी की शक्तियां अधोहस्ताक्षरकर्ता में निहित किया गया है.

अतएव, छ.ग. भू-राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20 सन् 1959) की धारा 73 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा, घोषित किया जाता है कि नीचे अनुसूची के कालम (2) में दर्शित ग्राम इस अधिसूचना दिनांक से एक नवीन राजस्व ग्राम होगा, अर्थात् :—

क्र.	प्रस्तावित नवीन राजस्व ग्राम का नाम	ग्राम का कुल रकबा (हे. में)	प्रस्तावित नवीन राजस्व ग्राम की सीमाएं	प.ह.नं.	ग्राम पंचायत का नाम	तहसील का नाम	जिला
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
1.	खुड़िया	398.530	उत्तर - ग्राम बिजराकछार दक्षिण - ग्राम कारीडोंगरी पूर्व - ग्राम बहाउड़ पश्चिम - ग्राम दुल्लापुर	65	खुड़िया	लोरमी	मुंगेली

No./2348/2023.—Whereas, Section 90 read with Section 73 of the C.G. Land Revenue Code. 1959 (No. 20 of 1959), the powers of settlement officers relating to consitution of revenue village have been vested.

Therefore, in exercise of the powers conferred by section 73 of the Chhattisgarh Land Revenue Code. 1959 (No. 20 of 1959), it is, hereby, declare that village shown in column (2) of schedule below shall be a new revenue village from the date of this notification, namely:—

No.	Name of Village	Total area of village (in he.)	Boundaries of village	P.H.N.	Name of gram panchayat	Tahsil	District
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
1.	Khudiya	398.530	North - Village Bijrakachhar South - Village Kaaridongari East - Village Bahaud West - Village Dullapur	65	Khudiya	Lormi	Mungeli

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राहुल देव, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला-बस्तर, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

बस्तर, दिनांक 24 अप्रैल 2023

क्रमांक क/भू-अर्जन/03/अ-82/2021-22.— चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम, 2013 कहा जावेगा) की धारा 19 (1) के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-
- (क) जिला-बस्तर
- (ख) तहसील-लोहण्डीगुडा
- (ग) नगर/ग्राम-गढ़िया
- (घ) लगभग क्षेत्रफल-4.55 हेक्टेयर

खसरा नम्बर	रकबा (हेक्टेयर में)
(1)	(2)
1822	0.07
1818	0.06
1821	0.03
1782	0.05
1784	0.49
1792	0.20
1785	0.14
1712	0.18
1744	0.34
1745	0.18
1746	0.01
1716	0.14
1711/2	0.06
987	0.09
1117	0.18
1116	0.10
1115	0.06
1013/4	0.17
1013/5	0.02
1105/2	0.11
1105/1	0.02
1105/5	0.15
1131	0.11
1104	0.02
1132	0.10
1138	0.08
1137	0.02
1139	0.04
1148	0.18

(1)	(2)
1216	0.22
1140	0.14
1147	0.08
1200	0.15
1215	0.02
1218	0.14
1231/5	0.13
1231/2	0.08
1233	0.04
1234	0.15
योग	4.55

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है–मुंडीगुडा गढिया व्यपवर्तन योजना अन्तर्गत नहर नाली निर्माण कार्य हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)/भू-अर्जन अधिकारी, लोहण्डीगुडा जिला बस्तर/ कार्यपालन अभियंता टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग जगदलपुर के कार्यालय में किया जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
चंदन कुमार, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला–गरियाबंद, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

गरियाबंद, दिनांक 18 अप्रैल 2023

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 202110222000119/अ-82/वर्ष 2021-22.— चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम, 2013 कहा जावेगा) की धारा 19 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-
(क) जिला–गरियाबंद
(ख) तहसील–छुरा
(ग) नगर/ग्राम–मड़ेली
(घ) लगभग क्षेत्रफल–0.14 हेक्टेयर

खसरा नम्बर	रकबा (हेक्टेयर में)
(1)	(2)
1741/1	0.07
1749	0.07
योग 02	0.14

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है–मड़ेली-जरगांव मार्ग के घुनघुटी नाला पर पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), छुरा जिला–गरियाबंद (छ.ग.) के कार्यालय में किया जा सकता है.

गरियाबंद, दिनांक 18 अप्रैल 2023

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 202110222000120/अ-82/वर्ष 2021-22.— चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम, 2013 कहा जावेगा) की धारा 19 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-
(क) जिला–गरियाबंद
(ख) तहसील–छुरा
(ग) नगर/ग्राम–जरगांव
(घ) लगभग क्षेत्रफल–0.04 हेक्टेयर

खसरा नम्बर	रकबा (हेक्टेयर में)
(1)	(2)
63	0.01
64	0.03
योग 02	0.04

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है–मड़ेली–जरगांव मार्ग के घुनघुटी नाला पर पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), छुरा जिला–गरियाबंद (छ.ग.) के कार्यालय में किया जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रभात मलिक, कलेक्टर एवं पदेन उप–सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला–सूरजपुर, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

सूरजपुर, दिनांक 1 मई 2023

क्रमांक/1336/भू–अर्जन/09/अ–82/2017–18.— चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम, 2013 कहा जावेगा) की धारा 19 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन–
- (क) जिला–सूरजपुर
- (ख) तहसील–रामानुजनगर
- (ग) नगर/ग्राम–छिन्दिया, प.ह.नं. 24
- (घ) लगभग क्षेत्रफल–5603 वर्गमीटर

खसरा नम्बर	रकबा (वर्गमीटर में)
(1)	(2)
1768	12
1905/1	12
1479/2, 253	40
1895, 1889, 1882	470
1883, 1887, 1308	480
1228	50
132	24
1299	28
1644	496
1769	36
1870	56
1798, 1871	55
1908, 1846, 1857	96
1215, 1425	475
1218, 1642	122
1471, 1641	450
1605, 1907	80
1310, 1603	34
1424	18
1800	30
1904	18
1852	120
1311, 1479	78
1900	276
1604	264
1478	36
1869	24
1309	36
1209/7	10
1613/2	6
1871	14
1834, 1849, 1855	195
1867	46
1875	480
1468, 1858	132
1470	52
1884, 1886	460
1300	68
1636, 1646	80
1312	90
1907	54
योग	5603

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है–तारा–प्रेमनगर–रामानुजनगर मार्ग चौड़ीकरण एवं उन्नयनीकरण कार्य हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सूरजपुर के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को कार्य समय के दौरान देखा जा सकता है.

सूरजपुर, दिनांक 1 मई 2023

क्रमांक/1337/भू-अर्जन/05/अ-82/2017-18.— चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम, 2013 कहा जावेगा) की धारा 19 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-
- (क) जिला-सूरजपुर
- (ख) तहसील-रामानुजनगर
- (ग) नगर/ग्राम-रामानुजनगर, प.ह.नं. 22
- (घ) लगभग क्षेत्रफल-581 वर्गमीटर

	खसरा नम्बर	रकबा (वर्गमीटर में)
	(1)	(2)
	297/1	280
	297/3	50
	300	8
	297/2	225
	297/4	18
योग		581

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है-तारा-प्रेमनगर-रामानुजनगर मार्ग चौड़ीकरण एवं उन्नयनीकरण कार्य हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सूरजपुर के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को कार्य समय के दौरान देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
इफ्फत आरा, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल

ऑफिस कॉम्पलेक्स, प्रथम तल ब्लॉक-A, एकात्म पथ, सेक्टर-24, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 9 दिसम्बर 2022

क्रमांक/52/04/योजना/बीओसी/2022/127.—"भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996" सहपठित "छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्तों का विनियमन) नियम 2008" के नियम 277 तथा 279 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए छ.ग. भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एतद्द्वारा छ.ग. भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के हितग्राहियों के लिए संचालित "विशेष शिक्षा सहायता योजना" में पूर्व में जारी अधिसूचना क्रमांक 66 दिनांक 10-07-2018 को अधिक्रमित करते हुए निम्नानुसार संशोधित अधिसूचना जारी करती है :—

(क) **योजना का प्रावधान :—**

1. योजना का नाम "विशेष शिक्षा सहायता योजना" होगा.

2. योजना के तहत् ऐसे पंजीकृत श्रमिक जिनकी मृत्यु पंजीयन से 01 वर्ष पश्चात् होती है, तो मंडल उनके प्रथम 02 संतान हेतु विशेष पंजीयन कार्ड जारी करेगा तथा नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना/मेधावी छात्र-छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजना/तकनीकी शिक्षा योजना के समस्त प्रावधानों का लाभ पात्रतानुसार मृतक के प्रथम 02 संतानों को दिया जावेगा.

3. योजना के प्रावधान अधिसूचना दिनांक से प्रभावशील होगा.

(ख) **योजना हेतु पात्रता :—**

1. योजना के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिक के ऐसे (पुत्र-पुत्री) जिनके (माता-पिता) दोनों की मृत्यु हो चुकी है एवं मृतक (माता-पिता) में से कोई भी मंडल अंतर्गत न्यूनतम 01 वर्ष से निर्माण श्रमिक के रूप में पंजीकृत रहा हो योजनांतर्गत पात्र होंगे.

2. योजना के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के प्रथम 02 संतानों को लाभ की पात्रता होगी.

3. मृतक श्रमिक के अतिरिक्त परिवार (माता-पिता) में कोई और पंजीकृत श्रमिक होने पर बच्चों को इस योजना की पात्रता नहीं होगी.

(ग) **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—**

1. योजनांतर्गत पंजीकृत माता/पिता के मृत्यु दिनांक से 01 वर्ष के भीतर आवेदन प्रस्तुत करना होगा.

2. योजना के तहत् आवेदन केवल ऑनलाईन के माध्यम से स्वीकार किया जावेगा, आवेदन स्वीकृति उपरांत मृतक श्रमिक के बच्चों हेतु अलग-अलग दो विशेष श्रमिक पंजीयन कार्ड जारी किया जावेगा.

3. आवेदक स्वयं अथवा च्वाईज सेंटर अथवा संबंधित क्षेत्राधिकारिता के श्रम कार्यालय के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकता है.

4. योजना के तहत् ऑनलाईन आवेदन करते समय आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज :—

4.1 माता अथवा पिता में से किसी एक हितग्रही के जीवित श्रमिक पंजीयन कार्ड की मूल प्रति.

4.2 आवेदक के आधार कार्ड की प्रति.

4.3 आवेदक के बैंक पास बुक की प्रति.

4.4 लाभार्थी का फोटो.

4.5 आवेदक का स्व-घोषणा प्रमाण पत्र की प्रति. (आवेदक से तात्पर्य मृतक निर्माण श्रमिक के पुत्र/पुत्री/दत्तक पुत्र/दत्तक पुत्री से है.)

टीप :— ऑनलाईन आवेदन के साथ केवल मूल दस्तावेज ही स्कैन कर ऑनलाईन अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा.

(घ) **स्वीकृति का अधिकार :—** पात्रता की जांच उपरांत संबंधित क्षेत्राधिकारिता के श्रम कार्यालय के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी/सहायक श्रम पदाधिकारी/श्रम निरीक्षक/श्रम उपनिरीक्षक द्वारा आवेदनों की स्वीकृति की जावेगी.

(ङ) **भुगतान की प्रक्रिया :—** योजनांतर्गत पात्र पाए जाने वाले आवेदकों को योजनांतर्गत प्रावधानित राशि की स्वीकृति प्रदान करते हुए आवेदक के खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी./डी.बी.टी. के माध्यम से राशि हस्तांतरित किया जावेगा.

(च) **विसंगति का निराकरण :—** योजना में उल्लेखित शर्तों/नियमों के अतिरिक्त यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती है, तो उस स्थिति में सचिव, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल का निर्णय अंतिम माना जावेगा.

(छ) **योजना की प्रभावशीलता :—** यह योजना अधिसूचना जारी दिनांक से संपूर्ण छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रभावशील होगी.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 9 दिसम्बर 2022

क्रमांक/55/04/योजना/बीओसी/2022/128.— छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 सहपठित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्तों का विनियमन) नियम 2008 के नियम 277 तथा 279 में दी गई शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए मंडल द्वारा पूर्व में जारी अधिसूचना क्रमांक 38 दिनांक 07-10-2015 एवं अधिसूचना क्रमांक 41 दिनांक 18-02-2016 द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए संचालित "निर्माण मजदूर जीवन ज्योति बीमा योजना" को वर्तमान में मंडल में संचालित "मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना" के संचालन के कारण छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के संचालक मंडल की 16वीं बैठक दिनांक 04-08-2022 में लिए गए निर्णय के परिपालन में "निर्माण मजदूर जीवन ज्योति बीमा योजना" इस अधिसूचना के जारी होने की तिथि से समाप्त किया जाता है.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 9 दिसम्बर 2022

क्रमांक एफ 129/2022.— भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 सहपठित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्तों का विनियमन) नियम 2008 के नियम 277 तथा 279 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एतद्द्वारा छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के हितग्राहियों के लिए संचालित योजना "मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना" की अधिसूचना क्रमांक एफ 10-4/2010/16 दिनांक 09-06-2020 के कण्डिका (घ) योजना की पात्रता में निम्नानुसार संशोधन करती है :—

योजना का नाम :— "मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना"

(घ) **योजना की पात्रता :—**

6. ऐसे हिताधिकारी जो अधिसूचना अंतर्गत निर्धारित पात्रता को पूर्ण करते हो, को मृत्यु की दशा में योजनांतर्गत आवेदन प्रस्तुत किए जाने हेतु पंजीयन नवीनीकरण में 90 दिवस की छूट प्रदान की जावेगी को सम्मिलित करता है.

(शेष नियम एवं शर्तें यथावत् रहेंगी.)

उक्त योजना में संशोधन अधिसूचना जारी दिनांक से प्रभावशील होगा.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 9 दिसम्बर 2022

क्रमांक/46/04/योजना/बीओसी/2022/130.—"भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996" सहपठित "छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्तों का विनियमन) नियम 2008" के नियम 277 तथा 279 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए छ.ग. भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एतद्द्वारा छ.ग. भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के हितग्राहियों के लिए संचालित "मिनीमाता महतारी जतन योजना" में पूर्व में जारी अधिसूचना क्रमांक/61/04/योजना/बीओसी/2021/113 दिनांक 25-11-2021 के कण्डिका (ख) के उपबिन्दु (1) में निम्नानुसार आंशिक संशोधन अंत: स्थापित किया जाता है :—

मिनीमाता महतारी योजना :—

(ख) **योजना हेतु पात्रता :—**

1. निर्माण श्रमिक के रूप में 90 दिवस पूर्व पंजीयन होना अनिवार्य है, के स्थान पर "बच्चे के जन्म के 90 दिवस पूर्व पंजीयन होना अनिवार्य होगा" अंत: स्थापित किया जाता है.

उपरोक्त अधिसूचना जारी दिनांक से प्रभावशील होगी.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 9 दिसम्बर 2022

क्रमांक/64/04/योजना/बीओसी/2022/131.—छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 सहपठित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्तों का विनियमन) नियम 2008 के नियम 277 तथा 279 में दी गई शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए पूर्व में जारी श्रम विभागीय पत्र क्रमांक/25/अ.मु.स./श्रम/2015 दिनांक 15-05-2015 एवं मंडल द्वारा जारी आदेश क्रमांक CGBOC/2015 दिनांक 15-05-2015 द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए संचालित "प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना" को वर्तमान में मंडल में संचालित "मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना" के संचालन के कारण छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के संचालक मंडल की 16 वीं बैठक दिनांक 04-08-2022 में लिए गए निर्णय के परिपालन में "प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना" इस अधिसूचना के जारी होने की तिथि से समाप्त किया जाता है.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 9 दिसम्बर 2022

क्रमांक/68/04/योजना/बीओसी/2022/132.—"भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996" सहपठित "छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्त विनियमन) नियम 2008" के नियम 277 तथा 279 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए छ.ग. भवन और अन्य सन्निर्माण कल्याण मंडल एतद्द्वारा छ.ग. भवन और अन्य सन्निर्माण कल्याण मंडल के हितग्राहियों के लिए निम्नानुसार नवीन योजना "निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु नि:शुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी हेतु सहायता राशि योजना" बनाती है :—

(क) **योजना का नाम :—** योजना का नाम "निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु नि:शुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी हेतु सहायता राशि योजना" होगा.

(ख) **योजना का उद्देश्य :—** छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा सहायक सामग्री जैसे-गणवेश एवं लेखन सामग्री की पूर्ति के उद्देश्य से सहायता स्वरूप राशि दी जावेगी.

(ग) **योजना का प्रावधान :—**

1. यह योजना उन भवन और अन्य निर्माण कर्मकारों पर प्रभावशील होगी, जो अधिनियम की धारा 12 के अंतर्गत हिताधिकारी के रूप में पंजीबद्ध हो.

2. योजना के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक के प्रथम 2 बच्चों को ही योजना का लाभ प्रदाय किया जावेगा.

(घ) **योजना में देय हितलाभ :—**

1. प्रत्येक कक्षा व पाठ्यक्रम के समक्ष उल्लेखित अनुरूप शाला गणवेश एवं पुस्तक कॉपी हेतु प्रस्तावित देय सहायता राशि एक मुश्त देय होगी.

क्र.	कक्षा	शाला गणवेश एवं पुस्तक कॉपी हेतु प्रस्तावित देय सहायता राशि
1	कक्षा 01 से 08 तक	रु. 1,000
2	कक्षा 9वीं से 12वीं तक	रु. 2,000

(ङ) **योजना हेतु पात्रता :—**

1. मंडल अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत कक्षा 1 से 12वीं तक देय छात्रवृत्ति के लिए पात्र श्रमिक के बच्चे योजनांतर्गत पात्र होंगे.

2. योजना के लाभ हेतु अंकों की बाध्यता नहीं होगी.

(च) **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—**

1. योजनांतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों को पृथक से आवेदन प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी.

2. योजना के तहत् मंडल अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत कक्षा 1 से कक्षा 12वीं तक की छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति उपरांत स्वीकृत आवेदन निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु नि:शुल्क गणवेश एवं लेखन सामग्री हेतु सहायता योजना हेतु स्वत: लाभान्वित होंगे.

(छ) **स्वीकृति का अधिकार :—** पात्रता की जांच उपरांत संबंधित क्षेत्राधिकारिता के श्रम कार्यालय के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी/सहायक श्रम पदाधिकारी/श्रम निरीक्षक/श्रम उप निरीक्षक द्वारा आवेदनों की स्वीकृति की जावेगी.

(ज) **भुगतान की प्रक्रिया :—** योजनांतर्गत पात्र पाए जाने वाले आवेदकों को योजनांतर्गत प्रावधानित राशि की स्वीकृति प्रदान करते हुए हितग्राही/उनके पुत्र पुत्रियों के खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी./डी.बी.टी. के माध्यम से राशि स्थानांतरित किया जावेगा.

(झ) **विसंगति का निराकरण :—** योजना में उल्लेखित शर्तों/नियमों के अतिरिक्त यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती है, तो उस स्थिति में सचिव, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल का निर्णय अंतिम माना जावेगा.

(ञ) **योजना की प्रभावशीलता :—** यह योजना अधिसूचना जारी दिनांक से संपूर्ण छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रभावशील होगी.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 19 दिसम्बर 2022

क्रमांक/59/04/योजना/बीओसी/2022/133.—"भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996" सहपठित "छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्त विनियमन) नियम 2008" के नियम 277 तथा 279 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए छ.ग. भवन और अन्य सन्निर्माण कल्याण मंडल एतद्द्वारा छ.ग. भवन और अन्य सन्निर्माण कल्याण मंडल के हितग्राहियों के लिए संचालित "सिलिकोसिस से पीड़ित निर्माण श्रमिकों के लिए आर्थिक एवं पुनर्वास सहायता योजना" में पूर्व में जारी अधिसूचना क्रमांक 36 दिनांक 26-09-2015 को अधिक्रमित करते हुए निम्नानुसार संशोधित अधिसूचना जारी करती है :—

(क.) **योजना का प्रावधान :—**

1. योजना का नाम "सिलिकोसिस (बीमारी) से पीड़ित निर्माण श्रमिकों के लिए आर्थिक एवं पुनर्वास सहायता योजना" होगा.

2. छत्तीसगढ़ राज्य के वे निर्माण श्रमिक तथा उनके परिवारजन जिनमें सिलिकोसिस बीमारी की पुष्टि हुई हो इस योजना के अंतर्गत लाभ पाने हेतु पात्र होंगे.

3. इस योजना का लाभ छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा उनके अधीन अधिसूचित सभी प्रकार के निर्माण श्रमिकों के प्रवर्गों में कार्यरत् श्रमिकों को प्रदाय किया जा सकेगा.

4. यह योजना सिलिकोसिस पीड़ित श्रमिकों के लिए आर्थिक एवं पुनर्वास सहायता के रूप में होगी तथा सिलिकोसिस पीड़ित श्रमिकों को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम अथवा कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम के तहत् मिलने वाली क्षतिपूर्ति राशि के अतिरिक्त होगी.

(ख.) **योजना हेतु पात्रता :—**

1. छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा उनके अधीन अधिसूचित श्रमिक प्रवर्गों को इस योजना का लाभ दिया जावेगा. ऐसे निर्माण श्रमिक जो छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा अधिसूचित प्रवर्ग के हो पंजीकृत नहीं होने पर भी मंडल अंतर्गत अधिसूचित प्रवर्गों में उनका पंजीयन कर योजना का लाभ दिया जा सकेगा.

2. इस योजना के लाभ हेतु सक्षम चिकित्सक यथा शासकीय मेडिकल कॉलेज अथवा जिला अस्पतालों में कार्यरत चेस्ट एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ चिकित्सक/पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर की व्यवसायजन्य रोग निदान समिति/कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं के बीमा चिकित्सा पदाधिकारी (प्रमाणक शल्यज्ञ)/उप संचालक (चिकित्सा) अथवा सहायक संचालक (चिकित्सा) औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा (श्रम विभाग) उक्त में कोई एक द्वारा श्रमिक को सिलिकोसिस बीमारी की पुष्टि किया जाना आवश्यक होगा.

(ग.) **योजना में देय हितलाभ :—**

1. **आर्थिक सहायता :—** योजना के अंतर्गत रुपये 3,00,000/- (अक्षरी तीन लाख रु.) प्रदाय किया जावेगा, जिसमें से राशि रुपये 1,00,000/- (अक्षरी एक लाख रु.) हितग्राही/हितग्राही की मृत्यु की स्थिति में आश्रितों के खाते में स्थानांतरित किया जावेगा, तथा रुपये 2,00,000/- (अक्षरी दो लाख रु.) एफ.डी. के रूप में देय होगा. एफ.डी. के ब्याज का स्वरूप मासिक ब्याज के रूप में (मासिक आय योजना M.I.S.), होगा. (श्रमिक के जीवित रहने पर श्रमिक को लाभ की पात्रता एवं सिलिकोसिस बीमारी से मृत्यु होने पर उनके वैध आश्रितों को लाभ की पात्रता होगी.)

2. **पुनर्वास सहायता :—** सिलिकोसिस से पीड़ित श्रमिक एवं उनके आश्रित परिवारजन को मंडल की अन्य सभी योजनाओं का लाभ भी दिया जावेगा, बशर्ते वो उन योजनाओं की पात्रताओं को पूर्ण करते हों.

(घ.) **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—**

1. आवेदक/आवेदिका द्वारा स्वयं अथवा पीड़ित श्रमिक की मृत्यु की स्थिति में श्रमिक के आश्रित द्वारा संबंधित क्षेत्राधिकारिता के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी, कार्यालय में स्वयं के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन जमा किये जा सकेंगे अथवा छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल मुख्यालय, को भी सूचित किया जा सकता है.

2. सिलिकोसिस से पीड़ित श्रमिक की मृत्यु की स्थिति में आवेदन मृतक श्रमिक के आश्रित (माता/पिता/पत्नि/पति/नाबालिग पुत्र/पुत्री) द्वारा भी स्वयं के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन किया जा सकेगा.

3. छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में आवेदन भेजने हेतु आवेदन के साथ जिले के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी का अनुशंसा पत्र एवं सक्षम चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी कोई भी दस्तावेज जिसमें श्रमिक में सिलिकोसिस होने की पुष्टि की गई हो संलग्न होंगे.

4. योजना के तहत् ऑफलाईन आवेदन करते समय आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज :—

4.1 जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र (यदि हितग्राही मंडल अंतर्गत अधिसूचित प्रवर्ग में पंजीकृत हो तो.)

4.2 सिलिकोसिस से पीड़ित श्रमिक का आधार कार्ड (यदि जीवित हो तो) अथवा मृत्यु की स्थिति में उत्तराधिकारी/आश्रित का आधार कार्ड.

4.3 सिलिकोसिस बीमारी की पुष्टि के संबंध में सक्षम चिकित्सक (योजना के पात्रता के सरल क्र. 2 अनुसार) द्वारा जारी प्रमाण पत्र की मूल प्रति.

4.4 बैंक पास बुक (हितग्राही के जीवित होने की दशा में) अथवा मृत्यु की दशा में (नॉमिनी/वैद्य उत्तराधिकारी/आश्रित) का बैंक पास बुक के प्रथम पृष्ठ (जिसमें संबंधित का नाम, बैंक खाता क्रमांक, व आई.एफ.एस.सी. कोड अंकित हो.) की प्रति.

4.5 सिलिकोसिस बीमारी से पीड़ित श्रमिक के मृत्यु होने की दशा में मृत्यु प्रमाण पत्र.

5. स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा मांगे जाने पर हितग्राही द्वारा मूल दस्तावेज जांच/सत्यापन हेतु प्रस्तुत किया जावेगा.

टीप :— संबंधित सत्यापनकर्ता/जांचकर्ता द्वारा हितग्राही से ऑफलाईन के माध्यम से प्राप्त आवेदन के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों की छायाप्रति ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा.

(ङ) **स्वीकृति का अधिकार :—**

1. पात्रता की जांच उपरांत संबंधित क्षेत्राधिकारिता के श्रम कार्यालय के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी/सहायक श्रम पदाधिकारी/श्रम निरीक्षक/श्रम उपनिरीक्षक द्वारा सत्यापन उपरांत आवेदनों की स्वीकृति प्रदान की जावेगी.

(च.) **आवेदन प्रकरणों का निराकरण :—**

1. योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण 30 कार्य दिवस के भीतर किया जाना अनिवार्य होगा. यदि आवेदन तकनीकी तौर पर अस्वीकृत किया जाता है तो उसका कारण लिखित में आवेदक के पास भेजा जावेगा तथा आवेदन अस्वीकार होने की स्थिति में त्रुटि सुधार कर निरंतरता में पुनः आवेदन किये जाने का आवेदक को अधिकार होगा.

(छ.) **भुगतान की प्रक्रिया :—**

1. योजनांतर्गत पात्र पाए जाने वाले आवेदकों को योजनांतर्गत प्रावधानित राशि की स्वीकृति प्रदान करते हुए आवेदक के खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी./डी.बी.टी. के माध्यम से राशि हस्तांतरित किया जावेगा.

(ज.) **विसंगति का निराकरण :—** योजना में उल्लेखित शर्तों/नियमों के अतिरिक्त यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती है, तो उस स्थिति में सचिव, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल का निर्णय अंतिम माना जावेगा.

(झ.) **योजना की प्रभावशीलता :—** यह योजना अधिसूचना जारी दिनांक से संपूर्ण छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रभावशील होगी.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 21 दिसम्बर 2022

क्रमांक/41/04/योजना/बीओसी/2022/134.— भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 सहपठित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्तों का विनियमन) नियम 2008 के नियम 277 तथा 279 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एतद्द्वारा छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के हितग्राहियों के लिए संचालित योजना "मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना" की अधिसूचना क्रमांक एफ 10-4/2010/16 दिनांक 09-06-2020 के कण्डिका (घ) योजना की पात्रता के उपबिन्दु (2) में निम्नानुसार संशोधन प्रतिस्थापित करती है :—

योजना का नाम :— "मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना"

(घ) **योजना की पात्रता :—**

(2) निर्माण श्रमिक का हिताधिकारी के रूप में भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 की धारा 12 के अंतर्गत पंजीयन होना चाहिए को अतिक्रमित करते हुए,

"निर्माण श्रमिक का हिताधिकारी के रूप में भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 की धारा 12 के अंतर्गत न्यूनतम 90 दिवस पूर्व का पंजीयन होना अनिवार्य है." (अर्थात हिताधिकारी के मृत्यु/दिव्यांगता की दशा में मृत्यु/दिव्यांगता तिथि के 90 दिवस पूर्व का पंजीयन होना अनिवार्य है)

(शेष नियम एवं शर्तें यथावत् रहेंगी.)

उक्त योजना में संशोधन अधिसूचना जारी दिनांक से प्रभावशील होगा.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 3 जनवरी 2023

क्रमांक/54/04/योजना/बीओसी/2022/135.—"भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996" सहपठित "छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्त विनियमन) नियम 2008" के नियम 277 तथा 279 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए छ.ग. भवन और अन्य सन्निर्माण कल्याण मंडल एतद्द्वारा छ.ग. भवन और अन्य सन्निर्माण कल्याण मंडल के हितग्राहियों के लिए संचालित "मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना" में पूर्व में जारी अधिसूचना क्रमांक/54/04/योजना/बीओसी/2022/120 दिनांक 12-05-2022 के कण्डिका (घ.) योजना में देय हितलाभ में निम्नानुसार आंशिक संशोधन करती है :—

मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना :—

(घ.) **योजना में देय हितलाभ :—**

(2). इस योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को राशि रु. 10,000/- (अक्षरी दस हजार रु.) सहायता राशि एकमुश्त देय होगी को अधिक्रमित करते हुए

"इस योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को राशि रु. 20,000/- (अक्षरी बीस हजार रु.) सहायता राशि एकमुश्त देय होगी."

उक्त योजना में संशोधन अधिसूचना जारी दिनांक से प्रभावशील होगा.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 28 फरवरी 2023

क्रमांक/75/04/योजना/बीओसी/2023/136.—भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 सहपठित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्तों का विनियमन) नियम 2008 के नियम 277 तथा 279 में दी गई शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल एतद्द्वारा मंडल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए निम्नानुसार नवीन योजना "मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना" बनाती है :—

(क) **योजना का नाम :—** योजना का नाम "मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना" होगा.

(ख) **योजना का उद्देश्य :—**इस योजना का उद्देश्य छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को स्वयं अथवा उनके आश्रित संतानों/दत्तक संतानों जो कि प्रतिभाशाली होने के बावजूद आर्थिक सहायता के अभाव में प्रतियोगी परिक्षाओं को पूर्ण करने में असमर्थ होते हैं उन्हें उनकी योग्यता के अनुरूप शासकीय सेवाओं में प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से प्रवेश प्राप्त करने हेतु सक्षम बनाने हेतु कोचिंग उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सामाजिक श्रेणीगत परिवर्तन के अवसर उपलब्ध कराना और सशक्त बनाया जाकर समाज की विकास की मुख्य धारा में जोड़ना है. (टीप-संतान से अभिप्राय आश्रित संतान एवं दत्तक संतान से है एवं हितग्राही से अभिप्राय पंजीकृत श्रमिक/पंजीकृत श्रमिक के संतान जो योजनांतर्गत नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजनांतर्गत शैक्षणिक योग्यता रखता हो)

(ग) **योजना का प्रावधान :—**

1. मंडल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके संतानों को शैक्षणिक योग्यता अनुरूप प्रतियोगिता परीक्षाओं जैसे-PSC (लोक सेवा आयोग), CG VYAPAM (छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मंडल), SSC (कर्मचारी चयन आयोग), IBPS (बैंकिंग), RAILWAY (रेल्वे), POLICE ENTRANCE (पुलिस भर्ती परीक्षा) के अंतर्गत समय-समय पर जारी होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु न्यूनतम 04 से अधिकतम 10 माह तक की अवधि के लिए आवश्यकतानुसार नि:शुल्क कोचिंग का अवसर प्रदान किया जावेगा.

2. यह सहायता वर्ष में केवल एक बार ही प्रदान की जाएगी, पंजीकृत श्रमिक एवं उनके संतानों द्वारा मंडल अंतर्गत चयनित किसी भी परीक्षा में उत्तीर्ण होने के पश्चात् उक्त योजना का लाभ दोबारा प्रदाय नहीं होगा.

3. हितग्राही नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना हेतु अधिकतम 01 बार ही योजना का लाभ प्राप्त कर सकेगा.

4. हितग्राही द्वारा स्वयं परीक्षा उत्तीर्ण होने के पश्चात् वह निर्माण श्रमिक की श्रेणी से उसका पंजीयन स्वत: ही समाप्त हो जावेगा.

5. मंडल द्वारा प्रति वित्तीय वर्ष में प्रतियोगी परीक्षाओं के कोचिंग हेतु प्रतियोगिता परीक्षावार निर्धारित लक्ष्य अनुरूप उक्त योजनांतर्गत आवेदन स्वीकृत किया जाकर नि:शुल्क कोचिंग सुविधा प्रदान की जावेगी.

(घ) **योजनांतर्गत देय हितलाभ :—**

1. योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को मंडल द्वारा प्रतियोगी परिक्षाओं हेतु चयनित कोचिंग संस्थानों के माध्यम से कोचिंग का अवसर प्रदान किया जावेगा.

2. लाभार्थियों की कोचिंग सेंटर्स में अथवा ऑनलाईन कक्षाओं में न्यूनतम 80 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी, यदि वे प्रत्येक माह में 15 दिवस से अधिक अनुपस्थित पाये जाते हैं तो वे योजनांतर्गत लाभ से स्वत: हटा दिये जायेंगे.

(ड.) **योजना की पात्रता :—**

1. मंडल में पंजीकृत श्रमिक की एक वर्ष की नियमित सदस्यता होना आवश्यक है.

2. योजना के तहत् पंजीकृत श्रमिक अथवा उनके प्रथम दो संतानों को ही योजना का लाभ प्रदाय किया जावेगा.

3. पंजीकृत श्रमिक अथवा उनके संतान संबंधित प्रतियोगी परीक्षा हेतु निर्धारित न्यूनतम अर्हता रखता/रखती हो योजनांतर्गत पात्र होंगे.

4. श्रमिक के बच्चों/प्रशिक्षार्थियों की आयु सीमा निर्धारण हेतु पात्रता छत्तीसगढ़ शासन, द्वारा निर्धारित आयु सीमा के अनुरूप हो.

(च) **योजना का संचालन :—**

1. सचिव, छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा रूची की अभिव्यक्ति का प्रकाशन कर शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अनुसार मंडल स्तर पर पात्र एवं योग्य कोचिंग संस्थानों का चयन कर शासन के अनुमोदन पश्चात् मंडल स्तर पर कार्यादेश जारी किया जावेगा.

2. छत्तीसगढ़ शासन, द्वारा मान्यता प्राप्त कोचिंग संस्थानों को शासन के निर्देशवत प्रशिक्षण संस्थानों को भी चयन प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जावेगी.

3. चयनित संस्थाओं द्वारा कक्षाएं 05 संभागीय मुख्यालयों में ऑफलाईन कक्षाएं आयोजित की जाएंगी तथा शेष जिलों हेतु ऑनलाईन कक्षाएं आयोजित की जाएगी.

4. चयनित संस्थान द्वारा योजनांतर्गत प्राप्त आवेदनों का शासन द्वारा निर्धारित प्रत्येक प्रतियोगी परीक्षा हेतु तय मापदण्ड अनुसार काउंसलिंग के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार किया जाकर संबंधित क्षेत्राधिकारिता के मैदानी जिला श्रम कार्यालयों को उपलब्ध करावेंगे. जिस आधार पर संबंधित क्षेत्राधिकारिता के स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा आवेदनों की स्वीकृति प्रदान की जावेगी.

5. मोबाईल एप्लीकेशन के द्वारा दैनिक लाइव क्लासेस दी जाएंगी तथा रिकार्डेड विडियों उपलब्ध कराए जाएंगे.

6. **अध्ययन सामग्री —** पंजीकृत निर्माण श्रमिक एवं उनके संतानों द्वारा आवेदित परीक्षा के पाठ्यक्रम अनुरूप हार्ड कॉपी तथा सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराए जाएंगे.

7. **शंका समाधान —** मासिक शंका समाधान कक्षाएं संभागीय मुख्यालय में आयोजित की जाएंगी साथ ही दिन में 16 घंटे कॉल सेंटर (समाधान हेतु) की सुविधा उपलब्ध होगी.

8. रूची की अभिव्यक्ति के माध्यम से चयनित कोचिंग संस्थानों का सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग/श्रमायुक्त/सचिव छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा गठित समिति/संबंधित क्षेत्राधिकारिता के श्रम कार्यालय के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी/सहायक श्रम पदाधिकारी द्वारा समय-समय पर उपरोक्त संस्थान को निरीक्षण किया जा सकेगा.

(छ) **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—**

1. योजना के तहत् आवेदन केवल ऑनलाईन के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे.

2. आवेदक स्वयं/किसी भी च्वाईस सेंटर अथवा संबंधित क्षेत्राधिकारिता के श्रम कार्यालय के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकता है.

3. छात्र/छात्रा कोचिंग कक्षाओं में नियमित रूप से पढ़ाई के संबंध में इस संदर्भ में कोचिंग के मुखिया द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है.

4. **योजना के तहत् ऑनलाईन आवेदन करते समय आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज :—**

4.1 हितग्राही की जीवित श्रमिक पंजीयन कार्ड की मूल स्कैन प्रति.

4.2 हितग्राही के आधार कार्ड की प्रति.

4.3 हितग्राही के शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र/अंक सूची की प्रति.

4.4 हितग्राही द्वारा स्व-घोषणा प्रमाण पत्र की प्रति.

टीप :— ऑनलाईन आवेदन के साथ केवल मूल दस्तावेज ही स्कैन कर ऑनलाईन अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा.

5. स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा मांगे जाने पर जांच/सत्यापन हेतु सभी मूल दस्तावेज हितग्राही द्वारा प्रस्तुत किया जावेगा.

(ज) **स्वीकृति का अधिकार :—** पात्रता की जांच उपरांत संबंधित क्षेत्राधिकारिता के श्रम कार्यालय के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी/सहायक श्रम पदाधिकारी/श्रम निरीक्षक/श्रम उपनिरीक्षक द्वारा आवेदनों की स्वीकृति की जावेगी.

(झ) **भुगतान की प्रक्रिया :—** योजनांतर्गत रूची की अभिव्यक्ति के माध्यम से चयनित कोचिंग संस्थान को प्रति हितग्राही प्रतियोगिता परीक्षावार निर्धारित दर पर होने वाले का व्यय संबंधित संस्थान को भुगतान किया जावेगा.

(ञ) **योजना के अंतर्गत विसंगति का निराकरण :—** योजना के क्रियान्वयन में यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती है तो इस संबंध में सचिव, छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल का निर्णय अंतिम होगा.

(ट) **योजना का प्रभावशीलन :—** यह योजना अधिसूचना जारी दिनांक से संपूर्ण छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रभावशील होगी.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 1 मार्च 2023

क्रमांक/80/04/योजना/बीओसी/2023/137.—"भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996" सहपठित "छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्तों का विनियमन) नियम 2008" के नियम 277 तथा 279 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एतद्द्वारा छ.ग. भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के हितग्राहियों के लिए निम्नानुसार नवीन योजना "मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना" बनाती है :—

(क) **योजना का नाम :—** योजना का नाम "मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना" होगा.

(ख) **योजना का उद्देश्य :—**इस योजना का उद्देश्य छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को उनके बेहतर जीवन-यापन करने हेतु स्वयं के भूखंड पर आवास निर्माण अथवा नवीन आवास क्रय करने हेतु आर्थिक सहायता दिया जाना है.

(ग) **योजना का प्रावधान :—**

1. छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत गत् 03 वर्ष से निरंतर पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को योजना का लाभ प्रदाय किया जावेगा.

2. हितग्राही द्वारा ऋण (लोन) स्वीकृति के दिनांक से 06 माह के भीतर आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा.

3. योजना का लाभ पूरे जीवन काल में एक बार ही देय होगा.

(घ) **योजना का उद्देश्य :—**मंडल के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को स्वयं के भूखंड पर आवास निर्माण/नवीन आवास क्रय के लिए वित्तीय संस्थान अथवा बैंक से लिये गये ऋण (लोन) हेतु ब्याज की प्रतिपूर्ति के लिए वास्तविक ब्याज की राशि या राशि रुपये 50,000/- तक जो भी कम हो अनुवृत्ति (सब्सिडी) के रूप में देय होगा.

(ड.) **योजना की पात्रता :—**

1. मंडल के अंतर्गत पंजीकृत ऐसे श्रमिक जिनकी मंडल के अंतर्गत निरंतर 03 वर्ष पूर्व का जीवित पंजीयन हो.

2. पंजीकृत निर्माण श्रमिक के पास छत्तीसगढ़ प्रदेश में किसी भी स्थान पर स्वयं अथवा परिवार के सदस्यों के नाम से आवास ना हो.

3. पति व पत्नी दोनों के मंडल में पंजीकृत हितग्राही होने की स्थिति में योजना के तहत् केवल एक ही हितग्राही को आवास के लिए अनुवृत्ति (सब्सिडी) प्राप्त हो सकेगा.

4. योजना अंतर्गत मंडल में पंजीकृत श्रमिक के स्वयं के भूखंड पर आवास निर्माण/नवीन आवास क्रय हेतु शहरीय क्षेत्रों में 500 वर्गफीट एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 1000 वर्गफीट क्षेत्रफल का अधिकतम भू-खंड होना चाहिए.

5. आवेदक द्वारा भू-खंड शासकीय पट्टा यथा वन अधिकार मान्यता पत्र (पट्टा)/प्रचलित आबादी क्षेत्र में भू-अधिकार पत्र (पट्टा)/मुख्यमंत्री आबादी भू अधिकार पत्र (पट्टा) के आधार पर प्राप्त आवास निर्माण के अंतर्गत भी योजना हेतु आवेदन किया जा सकेगा.

6. आवास निर्माण/क्रय के लिए चयनित भूखंड संपत्ति विवादास्पद नहीं होना चाहिए.

7. यदि पंजीकृत श्रमिक के पास स्वयं की भूमि/क्रय किये जा रहे नवीन आवास के लिए छत्तीसगढ़ शासन के संबंधित विभाग (नगर एवं ग्राम निवेश विभाग, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत) से भूमि व्यपवर्तन/भवन अनुज्ञा/पंचायत से अनुशंसा/अनुमति प्रदाय किए जाने संबंधी प्रमाण पत्र.

टीप :— यदि हितग्राही द्वारा दी गई जानकारी मिथ्या/कूटरचित पाए जाने पर योजना अंतर्गत लाभ की राशि मंडल को वापसी योग्य होगी, जिसकी भू-राजस्व के नियम अंतर्गत वसूली की जा सकेगी.

8. योजना अंतर्गत आवेदक के परिवार से आशय है—
   - आवेदक स्वयं, पंजीकृत भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार
   - पत्नी अथवा पति (यथा स्थिती अनुसार)
   - आश्रित पुत्र
   - अविवाहित पुत्री या विधवा/परित्यक्ता आश्रित पुत्री
   - आश्रित माता एवं पिता

(च) **योजना आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज :—**

1. हितग्राही के आवेदन की तिथि के पूर्व में 01 वर्ष की अवधि के भीतर कम से कम 90 दिवस निर्माण श्रमिक के रूप में कार्य किया होने का नियोजक प्रमाण-पत्र की मूल स्कैन प्रति.

2. आवेदक द्वारा वित्तीय संस्थान/बैंक के द्वारा आवास ऋण स्वीकृति पत्र की मूल स्कैन प्रति.

3. ऋण प्रदाता वित्तीय संस्थान/बैंक के द्वारा ऋण पर लगने वाले ब्याज की गणना संबंधी पत्रक.

4. आवेदित भूखंड का खसरा, नक्शा, बी-वन अथवा भू-खंड शासकीय पट्टा यथा वन अधिकार मान्यता पत्र (पट्टा)/प्रचलित आबादी क्षेत्र में भू अधिकार पत्र (पट्टा)/मुख्यमंत्री आबादी भू अधिकार पत्र (पट्टा) का मूल स्कैन प्रति.

5. आधार कार्ड (जो मोबाईल नंबर से लिंक हो) की मूल स्कैन प्रति.

6. हितग्राही द्वारा कंडिका (ड.) के उप कंडिका (2) में लिखित कथन के संबंध में स्वघोषणा पत्र की मूल स्कैन प्रति.

(छ) **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—**

1. योजना के तहत आवेदन केवल ऑनलाईन के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे.

2. आवेदक स्वयं/श्रमेव जयते मोबाइल एप/ऑनलाईन विभागीय पोर्टल https://cglabour.nic.in/संबंधित क्षेत्राधिकारिता के श्रम कार्यालय अथवा किसी भी लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकता है.

3. जांचकर्ता/स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा मांगे जाने पर मूल दस्तावेज हितग्राही द्वारा प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा.

टीप :— ऑनलाईन आवेदन के साथ केवल मूल दस्तावेज ही स्कैन कर आनलाइन अपलोड किया जाना अनिवार्य है.

(ज) **जांच स्वीकृति का अधिकार :—**

1. **जांचकर्ता अधिकारी —** योजना के आवेदन की जांच संबंधित क्षेत्राधिकारिता के श्रम कार्यालय के श्रम निरीक्षक/श्रम उपनिरीक्षक/श्रम कल्याण अधिकारी/श्रम कल्याण निरीक्षक द्वारा आवेदनों की जांच की जावेगी.

2. **स्वीकृतकर्ता अधिकारी —** पात्रता की जांच के उपरांत संबंधित क्षेत्राधिकारिता के श्रम कार्यालय के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी/सहायक श्रम पदाधिकारी के द्वारा आवेदनों की स्वीकृति की जावेगी.

(झ) **भुगतान की प्रक्रिया :—**आवेदन के स्वीकृति उपरांत योजनांतर्गत देय अनुदान राशि आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी./डी.बी.टी. के माध्यम से श्रमिक के ऋण खाता (लोक अकाउंट) में हस्तांतरित की जावेगी.

(ञ) **योजना के अंतर्गत विसंगति का निराकरण :—**योजना में उल्लेखित शर्तों/नियमों के अतिरिक्त यदि अन्य कोई विसंगति उत्पन्न होती है तो उस स्थिति में सचिव, छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल का निर्णय अंतिम होगा.

(ट) **योजना का प्रभावशीलन :—** यह योजना अधिसूचना जारी दिनांक से संपूर्ण छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रभावशील होगी.

सविता मिश्रा,
सचिव.

उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं

HIGH COURT OF CHHATTISGARH, BILASPUR

Bilaspur, the 1st March 2023

No. 87/Confdl./2023/II-3-1/2023.—The following Civil Judges (Entry Level), as mentiond in column No. (2) of the table below, are hereby promoted and appointed to the post of Senior Civil Judge and consequently are posted at the place shown in Column No. (4) in the Revenue District mentioned in Column No. (5) in the capacity as mentioned in column No. (6) from the date they assume charge of their office (s) :—

TABLE

S. No. (1)	Name & presently posted as (2)	From (3)	To (4)	Revenue District (5)	Posted as (6)
1.	Shri Girish Pal Singh, I Civil Judge Class-II.	Bilaspur	Bilaspur	Bilaspur	II Additional Judge to the Court of I Civil Judge Class-I.
2.	Smt. Manju Lata Sinha, I Civil Judge Class-II.	Raigarh	Raigarh	Raigarh	I Additional Judge to the Court of I Civil Judge Class-I.
3.	Smt. Barkha Rani Verma, Civil Judge Class-II.	Kartala	Kartala	Korba	II Additional Judge to the Court of I Civil Judge Class-I, Korba at Kartala.
4.	Shri Gulapan Ram Yadav, II Civil Judge Class-II.	Raigarh	Raigarh	Raigarh	II Additional Judge to the Court of I Civil Judge Class-I.
5.	Ku. Amita Jaiswal, Civil Judge Class-II.	Bhilai-3	Bhilai-3	Durg	I Additional Judge to the Court of Civil Judge Class-I.

Bilaspur, the 1st March 2023

No. 89/Confdl./2023/II-3-1/2023.—The following candidate as mentioned in Column No. (2), appointed on probation as Civil Judge (Entry Level) in the Cadre of Chhattisgarh Lower Judicial Service by the State Government, is posted in the capacity as metioned against her name in Column No. (3) of the table below with a direction

to take over charge on or before 17-03-2023 :—

TABLE

S. No. (1)	Name (2)	Posted as (3)
1.	Ku. Palak Singhai, D/o Shri Anand Singhai	III Additional Judge to the Court of I Civil Judge Class-II, Ambikapur.

Bilaspur, the 20th March 2023

No. 349/Confdl./2023/II-2-99/2001 (Pt.-III).—On the basis of application of Shri Bhupendra Kumar Vasnikar, Member of Lower Judicial Service, presently posted as I Civil Judge Class-I & C.J.M. and Judge, Virtual Court, Raipur requesting for change of his home district, permission is hereby accorded to change his home district as "Kondagaon" instead of "Bastar (Jagdalpur)". He is directed that he shall not be entitiled to change his home district again in future.

Bilaspur, the 23rd March 2023

No. 3551/Checker/III-6-1/2007 (Pt. I).— In exercise of the powers Conferred under sub-section (3) of Section 11 read with Section 32 of the Code of Criminal Procedure, 1973 (Act No. 2 of 1974), the High Court of Chhattisgarh here-by confers the powers of Judicial Magistrate First Class upon the following Judicial Magistrate Second Class :—

Sl. No. (1)	Name of the Judicial Magistrate Second Class (2)	Present place of posting (3)	Civil District (4)
1.	Ku. Ankita Agrawal, J.M.S.C., Raigarh	Raigarh	Raigarh
2.	Ku. Pranjali Netam, J.M.S.C., Raigarh	Raigarh	
3.	Ku. Shweta Thakur, J.M.S.C., Raigarh	Raigarh	
4.	Shri Praveen Kujur, J.M.S.C., Surajpur	Surajpur	Surajpur
5.	Shri Puneet Tigga, J.M.S.C., Surajpur	Surajpur	
6.	Shri Ajay Lakra, J.M.S.C., Surajpur	Surajpur	

Bilaspur, the 23rd March 2023

No. 3553/III-6-3/2023 (Virtual Courts).— The Chief Judicial Megistrate (CJM) of Durg, Surguja at Ambikapur, Bilaspur and Bastar at Jagdalpur are nominated to work as Judge of the Virtual Court in addition to their own work at their respective District for hearing of traffic challan cases with immediate effect.

Bilaspur, the 31st March 2023

No. 539/Confdl./2023/II-1-1/2023.— It is hereby notified that pursuant to Notification No. F. No. K-13016/01/2023-US.II dated 24-03-2023 of the Government of India, Ministry of Law and Justice, Department of Justice, (Appointments Division), New Delhi, Hon'ble Shri Justice Ramesh Sinha, Judge of the Allahabad High Court has assumed charge of office of the Chief Justice of the High Court of Chhattisgarh on 29th March, 2023 at 06.30 P.M.

Bilaspur, the 11th April 2023

No.798/Confdl./2023/II-2-99/2001 (Pt.-IV).— On the basis of application of Smt. Swarnlata Om Yadav, Member of Lower Judicial Service, presently posted as II Additional Judge to the Court of Civil Judge Class-II, Baloda-bazar at Bhatapara requesting for change of her home district, permission is hereby accorded to change her home district as "Bilaspur" instead of "Raipur". She is directed that she shall not be entitled to change her home district again in future.

By order of Hon'ble the Chief Justice,
ARVIND KUMAR VERMA, Registrar General.

Bilaspur, the 5th April 2023

No. 33/L.G./2023/II-3-7/2005.—Shri Ramjivan Dewangan, Judge, Family Court, Mahasamund is hereby, granted earned leave for 02 days on 28-11-2022 & 29-11-2022 along with permission to remain out of headquarters after the Court hours of 26-11-2022 till before the Court hours of 30-11-2022, earned leave for 02 days on 26-12-2022 & 27-12-2022 along with permission to remain out of headquarters after the Court hours of 24-12-2022 till before the Court hours of 28-12-2022, earned leave for 05 days from 28-01-2023 to 01-02-2023 along with permission to remain out of headquarters after the office hours of 27-01-2023 till before the office hours of 02-02-2023 and earned leave for 10 days from 13-03-2023 to 22-03-2023 along with permission to remain out of headquarters after the Court hours of 10-03-2023 till before the Court hours of 23-03-2023.

During the period of earned leave, he shall be entitled to leave salary equal to pay drawn immediately before proceeding on leave as aforementioned.

Certified that if Shri Dewangan, had not proceeded on leave as aforementioned then he would have been working on the same post.

After deduction of the aforementioned leave, 151 days of earned leave are remaining in his leave account as on date.

Bilaspur, the 5th April 2023

No. 34/L.G./2023/II-2-26/2017.—Smt. shraddha Shukla Sharma, III Additional Principal Judge, Family Court, Durg is hereby, granted child care leave for 15 days from 20-02-2023 to 06-03-2023.

During the period of child care leave, she shall be entitled to leave salary equal to pay drawn immediately before proceeding on leave as aforementioned.

Certified that if Smt. Sharma, had not proceeded on leave as aforementioned then she would have been working on the same post.

After deduction of the aforementioned leave, 705 days of child care leave are remaining in her leave account as on date.

Bilaspur, the 5th April 2023

No. 35/L.G./2023/II-2-36/2022.—Shri Lokesh Patle, Administrative Officer, Chhattisgarh State Judicial Academy, High Court of Chhattisgarh, Bilaspur is hereby, granted earned leave for 05 days from 20-03-2023 to 24-03-2023 along with permission to leave headquarters after working hours of 17-03-2023 till 24-03-2023.

During the period of earned leave, he shall be entitled to leave salary equal to pay drawn immediately before proceeding on leave as aforementioned.

Certified that if Shri Patle, had not proceeded on leave as aforementioned then he would have been working on the same post.

After deduction of the aforementioned leave, 135 days of earned leave are remaining in his leave account as on date.

By order of the High Court,
AWADH KISHORE, Additional Registrar (ADMN.)

बिलासपुर, दिनांक 17 अप्रैल 2023

क्रमांक 267/दो-3-14/2014.—कु. संघरत्ना भतपहरी, विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटीज), बिलासपुर (छ.ग.) को उनके आवेदन पत्र दिनांक 21-03-2023 के आधार पर दो वर्ष की खण्ड अवधि अर्थात दिनांक 01-11-2019 से 31-10-2021 हेतु उनके अवकाश खाता में शेष अर्जित अवकाश में से 30 दिवस के अर्जित अवकाश नगदीकरण की स्वीकृति छत्तीसगढ़ शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग, रायपुर के आदेश क्रमांक 13040/21-ब/छ.ग./06 दिनांक 31-10-2006 के आलोक में प्रदान की जाती है.

बिलासपुर, दिनांक 17 अप्रैल 2023

क्रमांक 268/दो-3-7/2018.—श्री गोविन्द नारायण जांगड़े, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सूरजपुर (छ.ग.) को उनके आवेदन पत्र दिनांक 06-03-2023 के आधार पर दो वर्ष की खण्ड अवधि अर्थात दिनांक 01-11-2019 से 31-10-2021 हेतु उनके अवकाश खाता में शेष अर्जित अवकाश में से 30 दिवस के अर्जित अवकाश नगदीकरण की स्वीकृति छत्तीसगढ़ शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग, रायपुर के आदेश क्रमांक 13040/21-ब/छ.ग./06 दिनांक 31-10-2006 के आलोक में प्रदान की जाती है.

आदेशानुसार,

आर. पी. देवांगन,
बजट अधिकारी.